अति महत्वपूर्ण

संख्या– 212 /एक–11–2020

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0, शासन।

सेवा में,

1–समस्त मण्डलायुक्त एवं
समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजस्व अनुभाग–11

लखनऊ : दिनाँक 01 अप्रैल, 2020

विषयः– कोविड–19 के संक्रमण को रोकने हेतु सम्पूर्ण लॉक डाउन के दौरान क्वारंटाइन किये गये व्यक्तियों एवं अन्य गरीब व्यक्तियों के भोजन हेतु राज्य सरकार एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित किचेन की सूचना राज्य स्तरीय इमरजेंसी कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोविड–19 के संक्रमण को रोकने हेतु क्वारंटाइन किये गये व्यक्तियों एवं अन्य पात्र व्यक्तियों के भोजन हेतु सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित किचेन के पर्यवेक्षण एवं पका/पैकेट भोजन वितरण के संबंध में जो सूचना कृषि उत्पादन आयुक्त को भेजी जा रही है, उसमें सरकारी कम्युनिटी किचेन की सूचना समावेशित नहीं है।

अतः कृषि उत्पादन आयुक्त के माध्यम से जिस प्रारूप पर आप द्वारा सूचना उपलब्ध करायी जा रही है, उसमें आंशिक संशोधन कर 02 नये प्रारूप P1 तथा P2 विकसित किये गये है, जिसे संलग्न करते हुए आपसे अनुरोध है कि प्रारूप P1 की सूचना केवल एक बार कृषि उत्पादन आयुक्त को उपलब्ध कराते हुए प्रारूप P2 पर नित्य प्रतिदिन पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सूचना कृषि उत्पादन आयुक्त को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या– 212(1)/एक–11–2020. तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2– कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
3– अपर मुख्य सचिव(गृह), उ0प्र0 शासन।
4– प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
5– प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
6– प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(संजय गोयल)
सचिव।

Scanned with CamScanner

कोविड–19 राज्य स्तरीय इमरजेंसी कन्टोल रूम
नैतिक सूचना फारमेट–प्रारूप P1

क्र0सं0	मण्डल का नाम	जनपद का नाम	अन्य			
			निःशुल्क पका/पैकेट भोजन सामग्री का वितरण			
			सरकारी कम्युनिटी किचेन		गैर सरकारी/स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित किचेन	
			जनपद में सरकारी कम्युनिटी किचेन का पता	जनपद में सरकारी कम्युनिटी किचेन के इंचार्ज का नाम व मोबाइल नं0	स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित किचन का पता	स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित किचन के इंचार्ज का नाम व मोबाइल नं0
1	2	3	4	5	6	7

नोट– यह सूचना केवल एक बार प्रेषित किया जाना है। यदि कोई नया किचेन संचालित होगा तो इसी प्रारूप पर पुनः सूचना दी जायेगी।

Scanned with CamScanner

कोविड–19 राज्य स्तरीय इमरजेंसी कन्टोल रूम
नैतिक सूचना फारमेट–प्रारूप P2

क0सं0	मण्डल का नाम	जनपद का नाम	अन्य					
			धार्मिक/निःशुल्क पका/पैकेट भोजन सामग्री का वितरण					
			सरकारी कम्युनिटी किचन की संख्या	स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित किचन की संख्या	योग	सरकारी कम्युनिटी किचन से प्रतिदिन लाभान्वित नागरिकों की संख्या	स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित किचन से प्रतिदिन लाभान्वित नागरिकों की संख्या	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9

Scanned with CamScanner